www.epaper.azadsipahi.in
जय हिन्द
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
26 जनवरी, 2023, गुरुवार, वर्ष 08, अंक 99, माघ, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत 2079, पृष्ठ : 68 (24+24+20), मूल्य : ₹3.00 (खंड-01)

### दुमका पहुंचे मुख्यमंत्री, दी सौगातें, 11 अरब की योजनाओं का किया उद्घाटन- शिलान्यास

# योजनाएं समय पर पूरी करने के लिए मॉनिटरिंग जरूरी है : हेमंत

- 88777 लाभुकों के बीच 1.59 अरब रुपये की परिसंपत्तियों का किया वितरण
- मुख्यमंत्री ने 103 अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** सरकार की योजनाएं धरातल पर उतरे। योजनाओं का क्रियान्वयन तीव्र गति हो। योजनाएं ससमय पूरी हो। इसके लिए योजनाओं की लगातार निगरानी जरूरी है। इसी कड़ी में मैं स्वयं जिलों में जाकर मुख्यालय और जिले के अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की जमीनी हकीकत की जानकारी ले रहा हूं। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज दुमका में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित और बहु उपयोगी कन्वेंशन सेंटर के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 110 योजनाओं का उद्घाटन - शिलान्यास, लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण और अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

**जिस जिले की योजना हो, उसकी समीक्षा वहीं हो :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तरीय योजनाओं की समीक्षा जिलों में होनी चाहिए । इससे निश्चित तौर पर बेहतर नतीजे आएंगे। मुख्यालय मैं बैठे वरीय अधिकारी की जिम्मेदारी है कि वे जिला स्तरीय योजनाओं की मॉनिटरिंग नियमित रूप से करें। अगर सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाएंगे तो हम एक बेहतर और व्यवस्थित व्यवस्था दे सकेंगे। इसका फायदा इस राज्य और यहां रहने वाले लोगों को होगा।



## इन योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास परिसंपत्तियों और नियुक्ति पत्र का वितरण

- मुख्यमंत्री ने 10 अरब 95 करोड़ 60 लाख 57 हजार 890 रुपए की लागत से 110 योजनाओं का उद्घाटन - शिलान्यास किया। इसमें 2 अरब 38 करोड़ 61 लाख 11 हजार 500 रुपए की 24 योजनाओं का लोकार्पण और 8 अरब 56 करोड़ 99 लाख 46 हजार 390 रुपए की 86 योजनाओं की नींव रखी गई।
- इस मौके पर मुख्यमंत्री ने लगभग 32 करोड रुपए की लागत से निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कन्वेंशन सेंटर और शिकारीपाड़ा में आईटीआई भवन का उद्घाटन किया।
- जिन महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास हुआ उसमें 9 उच्च स्तरीय पुल, 45 स्वास्थ्य उप केंद्रों का भवन निर्माण, 12 सड़कें, 10 सड़कों का मजबूती करण और चौड़ीकरण, 4 चेक डैम, जामा -जरमुंडी जलापूर्ति योजना, काठीकुंड- शिकारीपाड़ा जलापूर्ति योजना तथा दुमका हवाई अड्डा के लिए अधिग्रहित अतिरिक्त भूमि का चहारदीवारी निर्माण शामिल है।
- सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के 88777 लाभुकों के बीच 1 अरब 59 करोड़ 37 लाख 77 हजार 231 रुपए की परिसंपत्ति, ऋण और अनुदान राशि का वितरण मुख्यमंत्री ने किया।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री के द्वारा विभिन्न विभागों के लिए 103 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।
- इस वर्ष दुमका जिले को कालाजार मुक्त जिला घोषित कर दिया गया है। ऐसे में कालाजार के खिलाफ जंग करने वाले फ्रंटलाइन वर्कर्स के बीच पोषण किट का वितरण किया गया।

**पंचायतों में शिविरों के माध्यम से लोगों के समस्याओं का समाधान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने इस राज्य में पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं को दूर करने की एक नई परिपाटी शुरू की । योजना की सफलता का आकलन इसी बात से किया जा सकता है कि लाखों लोगों को उनके दरवाजे पर जाकर सरकार की योजनाओं का लाभ दिया गया।

**कन्वेंशन सेंटर में एक ही छत के नीचे कई सुविधाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि दुमका संथाल परगना प्रमंडल का केंद्र बिंदु होने के साथ झारखंड की उप राजधानी है। यह जिला कई क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बना कर आगे बढ़ रहा है। इस कड़ी में कन्वेंशन सेंटर यहां के लिए एक और बड़ी सौगात है। यह सेंटर एक मायने में पूर्ण पैकेज की तरह है ,जहां सांस्कृतिक, सेमिनार, सम्मेलन समेत कई कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। यह आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित और बहु उपयोगी सेंटर है, जहां एक छत के नीचे कई सुविधाएं उपलब्ध है । इस सेंटर की व्यवस्था मेंटेन रहे, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होगी।

**कार्यक्रम आयोजन के लिए बड़े होटलों और शहरों का रुख नहीं करना होगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि कई बार देखा गया है कि छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों के कार्यक्रमों के लिए भी बड़े होटलों या बड़े शहरों का रुख करना होता है। लेकिन, कन्वेंशन सेंटर के होने से अब यहां के कार्यक्रम इसी शहर और जिले में आयोजित होंगे, जिसमें वास्तविक रूप से कार्यक्रम से जुड़े ज्यादा से ज्यादा लोगों को भी शामिल होने का मौका मिलेगा।

इस अवसर पर सांसद विजय हांसदा, विधायक नलिन सोरेन और बसंत सोरेन, जिला परिषद अध्यक्षा, पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री सुदर्शन प्रसाद मंडल, उपायुक्त श्री रविशंकर शुक्ला और पुलिस अधीक्षक श्री अंबर लकड़ा समेत जिले के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का राष्ट्र के नाम संदेश

# भारत गरीब और निरक्षर राष्ट्र से आगे बढ़कर विश्व मंच पर आत्मविश्वास से भरा देश बना : द्रौपदी मुर्मू

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्र के नाम अपने संदेश में कहा कि 74वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर, देश और विदेश में रहने वाले आप सभी भारत के लोगों को, मैं हार्दिक बधाई देती हूं। जब हम गणतंत्र दिवस मनाते हैं, तब एक राष्ट्र के रूप में हमने मिल-जुल कर जो उपलब्धियां प्राप्त की हैं, उनका हम उत्सव मनाते हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि हम सब एक ही हैं, और हम सभी भारतीय हैं। इतने सारे पंथों और इतनी सारी भाषाओं ने हमें विभाजित नहीं किया है, बल्कि हमें जोड़ा है। इसलिए हम एक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में सफल हुए हैं। यही भारत का सार-तत्व है। उन्होने कहा कि भारत एक गरीब और निरक्षर राष्ट्र की स्थिति से आगे बढ़ते हुए विश्व-मंच पर एक आत्मविश्वास से भरे राष्ट्र का स्थान ले चुका है। संविधान-निमार्ताओं की सामूहिक बुद्धिमत्ता से मिले मार्गदर्शन के बिना यह प्रगति संभव नहीं थी।

**दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बने:** राष्टरपति ने कहा कि पिछले साल भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। यह उपलब्धि, आर्थिक अनिश्चितता से भरी वैश्विक पृष्ठभूमि में प्राप्त की गयी है। सक्षम नेतृत्व और प्रभावी संघर्षशीलता के बल पर हम शीघ्र ही मंदी से बाहर आ गये, और अपनी विकास यात्रा को फिर से शुरू किया।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तारीफ की :** राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति शिक्षार्थियों को इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार करते हुए हमारी सभ्यता पर आधारित ज्ञान को समकालीन जीवन के लिए प्रासंगिक बनाती है। हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों पर गर्व का अनुभव कर सकते हैं। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, भारत गिने-चुने अग्रणी देशों में से एक रहा है।

**महिला सशक्तीकरण अब सिर्फ नारा नहीं :** राष्ट्रपति ने कहा कि महिला सशक्तीकरण तथा महिला और पुरुष के बीच समानता अब केवल नारे नहीं रह गए हैं। मेरे मन में कोई संदेह नहीं है कि महिलाएं ही आने वाले कल के भारत को स्वरूप देने के लिए अधिकतम योगदान देंगी। सशक्तीकरण की यही दृष्टि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों सहित, कमजोर वर्गों के लोगों के लिए सरकार की कार्य-प्रणाली का मार्गदर्शन करती है।

**जनजातीय समुदाय के लोग पर्यावरण की रक्षा की सीख दे रहे:** राष्ट्रपति ने कहा कि वास्तव में हमारा उद्देश्य न केवल उन लोगों के जीवन की बाधाओं को दूर करना और उनके विकास में मदद करना है, बल्कि उन समुदायों से सीखना भी है। जनजातीय समुदाय के लोग, पर्यावरण की रक्षा से लेकर समाज को और अधिक एकजुट बनाने तक, कई क्षेत्रों में सीख दे सकते हैं।

**भारत जी-20 देशों के समूह की अध्यक्षता कर रहा:** इस वर्ष भारत ऋ20 देशों के समूह की अध्यक्षता कर रहा है। विश्व-बंधुत्व के अपने आदर्श के अनुरूप, हम सभी की शांति और समृद्धि के पक्षधर हैं। ऋ20 की अध्यक्षता एक बेहतर विश्व के निर्माण में योगदान हेतु भारत को अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान करती है। मेरे विचार से, ´'ड्ड' ६ड्ढेल्लॅ और जलवायु परिवर्तन ऐसी चुनौतियां हैं जिनका सामना शीघ्रता से करना है। वैश्विक तापमान बढ़ रहा है और मौसम में बदलाव के चरम रूप दिखाई पड़ रहे हैं।

**सैनिकों के त्याग की सराहना करती हूं:** राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि मैं उन बहादुर जवानों की विशेष रूप से सराहना करती हूं जो हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं और किसी भी त्याग तथा बलिदान के लिए सदैव तैयार रहते हैं। देशवासियों को आंतरिक सुरक्षा प्रदान करने वाले समस्त अर्ध-सैनिक बलों तथा पुलिस-बलों के बहादुर जवानों की भी मैं सराहना करती हूं।

**संविधान के लागू होने से लेकर आज तक हमारी यात्रा अद्भुत रही :** राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि संविधान के लागू होने से लेकर आज तक हमारी यात्रा अद्भुत रही है। इससे कई अन्य देशों को प्रेरणा मिली है। प्रत्येक नागरिक को भारत की गौरव-गाथा पर गर्व का अनुभव होता है।

**किसानों, मजदूरों, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की भूमिकाओं की सराहना करती हूं :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मैं किसानों, मजदूरों, वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की भूमिकाओं की सराहना करती हूं जिनकी सामूहिक शक्ति हमारे देश को 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान, जय अनुसंधान' की भावना के अनुरूप आगे बढ़ने में सक्षम बनाती है।

## झारखंड की झांकी कर्तव्य पथ पर दिखेगी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** दिल्ली के कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड की तैयारियां पूरी हो चुकी है। बुधवार शाम से ही सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त कर दिये गये हैं। गुरुवार सुबह होने वाली परेड में भारतीय सेना के अलावा कई राज्यों और विभिन्न मंत्रालयों की झांकिया निकाली जायेंगी। इस बार कर्तव्यपथ पर झारखंड की झांकी भी दिखेगी। वहीं आसमान में एयरफोर्स के विमान भी अपनी रफ्तार और करतब से लोगों को रोमांचित करने को तैयार हैं। इस बार परेड देखने के लिए 50 से 60 हजार लोगों के कर्तव्य पथ पहुंचने की संभावना है।

### शुभकामना


भारत के 74वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर सभी पाठकों, हॉकर बंधुओं, विज्ञापनदाताओं, एजेंटों, शुभचिंतकों, झारखंड और समस्त देशवासियों को आजाद सिपाही परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

-प्रबंधक

### अवकाश की सूचना

भारत के 74वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर 26 जनवरी, 2023 को आजाद सिपाही के कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः समाचार पत्र का अगला अंक 28 जनवरी 2023 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक







समस्त झारखंडवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
जैलेन्द्र कुमार
पूर्व जिला अध्यक्ष
रांची ग्रामीण जिला

www.epaper.azadsipahi.in

जय हिन्द

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची

26 जनवरी, 2023, गुरुवार, वर्ष 08, अंक 99, माघ, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत 2079, पृष्ठ : 68 (24+24+20), मूल्य : ₹3.00 (खंड-01)


# भारत-न्यूजीलैंड की टीम रांची पहुंची

## 27 जनवरी को जेएससीए स्टेडियम में होगा मुकाबला

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** भारत और न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम रांची पहुंच गयी है। दोनों देशों के बीच होने वाले टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला यहां खेला जायेगा। मुकाबला 27 जनवरी को है। दोनों ही टीम रांची एयरपोर्ट से होटल के लिए रवाना हो गयी। होटल रेडिशन ब्लू में इनके ठहरने का इंतजाम किया गया है। क्रिकेट टीम के आगमन को लेकर रांची एयरपोर्ट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। जेएससीए के अधिकारी उन्हें रिसीव करने के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद थे। क्रिकेटरों को देखने के लिए काफी संख्या में प्रशंसक एयरपोर्ट पहुंचे हुए थे। हालांकि एयरपोर्ट से बाहर निकलने के बाद सभी क्रिकेटर बस में बैठ कर होटल रेडिशन ब्लू चले गये, जहां वो रात्रि विश्राम करेंगे। 26 जनवरी को दोनों ही टीम जेएससीए स्टेडियम में प्रैक्टिस करेंगी। 27 जनवरी को दोनों के बीच मैच खेला जायेगा, जिसे लेकर दर्शक काफी उत्साहित हैं।

टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले के लिए दोनों ही टीमें पहुंच गयी हैं। पहला मुकाबला 27 जनवरी को है, जिसे लेकर दर्शकों में भी खासा उत्साह है। वनडे सीरीज हारने के बाद न्यूजीलैंड टी-20 सीरीज में वापसी की पूरी कोशिश करेगी। वहीं हार्दिक की कप्तानी में युवा खिलाड़ियों से सजी टीम टी-20 मुकाबला भी अपने नाम करने की कोशिश करेगी। बता दें कि वनडे सीरीज में न्यूजीलैंड को 3-0 की करारी हार मिली है। वहीं, जेएससीए में होने वाले टी-20 मैच को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये हैं। स्टेडियम के अंदर और बाहर सुरक्षा की व्यापक तैयारियां की गयी हैं। दो हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों की तैनाती की है। इसमें वैसे पुलिसकर्मियों को तरजीह दी जा रही है, जो पहले भी सुरक्षा की जिम्मेवारी संभाल चुके हैं।

## एनसीसी-एनएसएस कैडेट्स को प्रधानमंत्री ने दिया सफलता का मंत्र

# युवाओं की सकारात्मकता मुझे करती है प्रेरित : मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनसीसी कैडेटों, एनएसएस स्वयंसेवकों, जनजातीय अतिथियों और झांकी कलाकारों के साथ बातचीत की। इस दौरान नरेंद्र मोदी ने कहा कि बीते कुछ हफ्तों में मुझे युवाओं से मिलने का मौका मिला। युवाओं से संवाद दो कारणों से मेरे लिए महत्वपूर्ण होता है। एक तो इसलिए कि युवाओं में ऊर्जा होती है, ताजगी होती है, जुनून होता है और नयापन होता है। युवाओं के माध्यम से सारी सकारात्मकता मुझे लगातार प्रेरित करती रहती है। दूसरा युवा देश की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिनिधित्व करते हैं। विकसित भारत के सबसे बड़े लाभार्थी भी युवा हैं। देश के निर्माण की सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी युवाओं के कंधे पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एनसीसी और एनएसएस ऐसे संगठन हैं, जो युवा पीढ़ी को राष्ट्रीय लक्ष्यों से, राष्ट्रीय सरोकारों से जोड़ते हैं। कोरोना काल में किस प्रकार ठउउ और ठरर के वॉलंटियर्स ने देश के सामर्थ्य को बढ़ाया, ये पूरे देश ने अनुभव किया है। उन्होंने कहा कि आज देश में युवाओं के जितने नये अवसर हैं, वह अभूतपूर्व हैं। देश स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियान चला रहा है।

# भारत-मिस्त्र रक्षा क्षेत्र में मिलकर करेंगे काम

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी के बीच हुई बैठक**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी और प्रधानमंत्री मोदी के बीच अहम बैठक हुई। दिल्ली के हैदराबाद हाउस में हुई इस बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आतंकवाद मानवता के लिए खतरा है। दोनों देश मिलकर आतंकवाद के खिलाफ पूरी दुनिया को सचेत करेंगे। साथ ही रक्षा उद्योग को मजबूत करने और खूफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान का भी फैसला लिया गया है। कट्टरपंथ को बढ़ाने के लिए साइबर स्पेस का इस्तेमाल बढ़ता जा रहा है। दोनों देश इससे निपटने के लिए भी साथ मिलकर काम करेंगे। यूक्रेन संकट के कारण प्रभावित फूड सप्लाई को फिर से सामान्य करने पर भी चर्चा की। मिस्त्र के राष्ट्रपति ने कहा कि भव्य स्वागत के लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी का शुक्रगुजार हूं। हमारी बातचीत के दौरान हमने व्यापार, निवेश और आयात निर्यात को बढ़ाने पर चर्चा हुई। ग्रीन हाइड्रोजन और अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भी सहयोग पर चर्चा हुई। भारत और मिस्त्र पुरानी सांस्कृतिक सभ्यताएं हैं। गौरतलब है कि मिस्त्र के राष्ट्रपति गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए भारत आये हैं।




PR. 288338 (IPRD) 22-23

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# झारखंड में भारत जोड़ो यात्रा का अगला चरण 11 फरवरी से



### कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे यात्रा की शुरुआत


आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का अगला चरण 11 फरवरी से शुरू होगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सूबे में स्थित संथाल परगना के पाकुड़ या गोड्डा जिले से इसकी शुरुआत करेंगे। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि घर-घर पहुंचने वाला यह अभियान भारत जोड़ो यात्रा का विस्तार होगा। उन्होंने बताया कि पूरे देश में यह अभियान 26 जनवरी से शुरू होकर दो महीने तक चलेगी। पदयात्रा का आयोजन प्रखंड स्तरीय कांग्रेस कमेटी की ओर से किया जायेगा। पदयात्रा का नेतृत्व करने के लिए प्रत्येक प्रखंड में एक या दो वरिष्ठ नेताओं को नियुक्त किया जायेगा। यह विशाल अभियान पदयात्रा के रूप में देश की सभी ग्राम पंचायतों, गांवों और मतदान केंद्रों को कवर करेगी।












# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दुमका और राज्यपाल रांची में करेंगे ध्वजारोहण

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** 74वें गणतंत्र दिवस को लेकर राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में तैयारी पूरी कर ली गयी है। मुख्य कार्यक्रम राजधानी रांची और उप राजधानी दुमका में होगा, रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में जहां राज्यपाल रमेश बैस झंडोत्तोलन करेंगे। वहीं, दुमका में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तिरंगा को सलामी देंगे।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार की दोपहर रांची से दुमका पहुंचे। कोरोना को देखते हुए दोनों मुख्य कार्यक्रम स्थल पर सीमित संख्या में लोगों के प्रवेश की अनुमति दी गयी है। रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में राज्यपाल रमेश बैस सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इस दौरान विभिन्न विभागों के द्वारा मनमोहक झांकी भी प्रदर्शित की जायेगी। जिन विभागों द्वारा झांकी प्रदर्शित की जायेगी उसमें गृह कारा, जेएसपीएलएस शिक्षा विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सहित 10 विभाग शामिल है। सूचना एवं जन संपर्क विभाग के उप निदेशक शालिनी वर्मा ने बताया कि कोरोना के कारण इस बार भी सीमित संख्या में लोगों को आमंत्रण पत्र भेजा गया है। मोरहाबादी मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल पर वीआइपी गैलरी के अलावे दोनों तरफ सामान्य दर्शक दीर्घा बनाया गया है। जहां कुर्सियां लगी हुई है। स्टेडियम की ओर से किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं है।

## कहां कितने बजे झंडोतोलन


राज्यपाल मोरहाबादी मैदान में 9 बजे और मुख्यमंत्री दुमका में 9 बजे झंडोतोलन करेंगे। वहीं मुख्य न्यायाधीश हाइकोर्ट में 9.15 बजे, विधानसभाध्यक्ष विधानसभा में 9.30 बजे, डीआरएम हटिया में 9:15 बजे, प्रदेश कांग्रेस पार्टी ऑफिस में 10 बजे, भजपा प्रदेश अध्यक्ष पार्टी कार्यालय में 10:30 बजे झंडोतोलन करेंगे।

## सुरक्षा चाक चौबंद

मोरहाबादी मैदान सहित पूरे राजधानी में सुरक्षा चाक-चौबंद है। हजारों की संख्या में पुलिस फोर्स मोराबादी और उसके आसपास के इलाकों में सुरक्षा के लिए तैनात की गयी हैं। गणतंत्र दिवस को लेकर राजधानी रांची में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। रांची के चप्पे चप्पे पर पुलिस की तैनाती है। सुरक्षा के मद्देनजर रांची में एक हजार फोर्स की तैनाती की गयी है। इसमें जैप, सैफ, झारखंड पुलिस, रैफ, झारखंड जगुआर, रांची जिला बल, झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के फोर्स शामिल हैं। मोरहाबादी मैदान स्थित समारोह स्थल और उसके आसपास के इलाके में थ्री लेयर की सुरक्षा बनायी गयी है। रांची सिटी एसपी सौरभ ने बताया कि समारोह स्थल में एक-एक व्यक्ति की जांच करने के बाद ही उसे अंदर जाने दिया जायेगा। मोरहाबादी मैदान के हर प्रवेश द्वार पर बैरिकेडिंग की गयी है। बैरिकेडिंग के पास पुलिस बल की तैनात रहेगी। वहीं 26 जनवरी को देखते हुए रांची के मोरहाबादी मैदान में कई पार्किंग स्थल बनाये गये हैं। वीआइपी, वीवीआइपी के पार्किंग के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गयी है। वहीं आम लोगों के लिए रांची के मोराबादी मैदान में ही अलग इलाके में व्यवस्था की गयी है। साथ ही इस दौरान भारी वाहनों का प्रवेश शहर में वर्जित रहेगा।

# गांधी आश्रम में गणतंत्र दिवस समारोह आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** एचइसी धुर्वा स्थित गांधी आश्रम में हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। इस साल आश्रम में देश का 74वां गणतंत्र दिवस मनाया जायेगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी हर्षोल्लास और धूमधाम से इस राष्ट्रीय त्योहार का जश्न मनाया जायेगा। तिरंगा फहराने के साथ ही 26 जनवरी को आश्रम से जुड़े लोग इस दिन एक संकल्प भी लेंगे। समाहरोह में मौजूद लोग तिरंगे के नीचे हमेशा सत्य बोलने और सत्य की राह पर चलने का संकल्प लेंगे।

# चाइबासा में एक बार फिर आइइडी ब्लास्ट, एक जवान घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चाइबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले में इन दिनों नक्सली और सुरक्षा बलों के बिन तना-तनी जारी है। इसको लेकर सुरक्षा बल भी नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। बीते दिनों में कई बार आइइडी ब्लास्ट भी हो चुका है। एक बार फिर चाइबासा मुफ्फसिल थाना अंतर्गत अंजनबेड़ा गांव में आइइडी ब्लास्ट की सूचना है। इस घटना में एक जवान भी घायल हो गया है। घटना के बाद घायल जवान को एयरलिफ्ट कर रांची ले जाया गया है। चाइबासा एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आइइडी ब्लास्ट में एक जवान घायल होने की सूचना है। फिलहाल ऑपरेशन जारी है।
















## राज्य में गांवों से लेकर शहर तक की स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गयी हैं: बाबूलाल मरांडी

# पारा मेडिकल कर्मियों के बाद अब 42 हजार सहिया हड़ताल पर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य व्यवस्था को अंतिम पायदान तक पहुंचाने वाली 42 हजार स्वास्थ्य सहियाएं स्थायीकरण और मानदेय में बढ़ोतरी सहित छह सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। सहियाओं की मांग 18 हजार रुपये मानदेय करने की है। गौरतलब है कि झारखंड में पहले से ही 4 हजार से ज्यादा पारा मेडिकलकर्मी हड़ताल पर हैं। पारा मेडिकलकर्मी नियमित किये जाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। 10 साल पहले इनकी नियुक्ति राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत हुई थी। ये अपनी मांगों के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट का हवाला दे रहे हैं। पारा मेडिकल कर्मियों के बाद अब 42 हजार सहियाओं के हड़ताल पर भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने सवाल उठाये हैं।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में पारा चिकित्साकर्मियों के बाद अब 42 हजार सहिया अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गयी हैं। राज्य के गांवों से लेकर शहर की स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गयी हैं। लेकिन राजनीतिक यात्राओं में अपनी झूठी उपलब्धियों का बखान करने वाले सीएम साहब को न इन कर्मियों का दर्द दिखता है ना ही खबर।

### पिछले साल मोरहाबादी मैदान में तीन माह दिया था धरना


सहिया संघ की प्रदेश अध्यक्ष माया सिंह ने बताया कि वे पिछली बार दिसंबर महीने में तीन दिनों तक मोरहाबादी में धरना पर थीं। जहां स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया था। पर उस पर कोई अमल नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि हम धरने पर तो हैं, पर प्रसव के लिए महिलाओं को दिक्कत नहीं होने दे रहे हैं। गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों को दी जाने वाली सुविधा के लिए 'गाइड किया जा रहा है।

सभी प्रखंड मुख्यालयों में सहियाएं धरना पर हैं। उन्होंने कहा कि जबतक संतोषजनक कार्यवाही नहीं होगी, तब तक वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगी। झारखंड के अनुबंध पारा चिकित्सा कर्मी आठ दिनों से हड़ताल पर हैं। आठवें दिन से वे स्थायीकरण की मांग को लेकर राजभवन के पास आमरण अनशन पर हैं।

### पारा मेडिकर्मियों की नियमित करने की मांग

झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम-जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ की प्रदेश महासचिव और अनशन पर बैठी वीणा सिंह ने कहा कि बीते 16 वर्षों से अनुबंध पर काम कर रहे हैं। लेकिन बढ़ती महंगाई में सरकार अल्प मानदेय में काम करवा रही है। अपने जीवन का स्वर्णिम समय स्वास्थ्य विभाग और राज्य के लोगों की सेवा करते हुए बिता दिया। लेकिन अब तक हम लोगों को स्थाई नहीं किया गया है। चरणबद्ध आंदोलन के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने हवन, रक्तदान, मानव श्रृंखला और कैंडल मार्च भी निकाला। लेकिन जब राज्य सरकार की नींद नहीं खुली, तब जाकर मंगलवार से राज्य भर के 21 कर्मचारी आमरण अनशन पर बैठ गये हैं।






# रामगढ़ एसडीपीओ किशोर ने पत्नी से संबंध विच्छेद के लिए फैमिली कोर्ट में दिया आवेदन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दोनों के बीच पिछले पांच साल से जारी झगड़ा इंटरनेट मीडिया पर छाया रहा**

**रांची।** घरेलू विवाद को लेकर रामगढ़ एसडीपीओ किशोर कुमार रजक व उनकी पत्नी वर्षा श्रीवास्तव के बीच पिछले पांच साल से जारी झगड़ा इंटरनेट मीडिया पर छाया रहा है। पिछले एक साल के दौरान कई बार एसडीपीओ व उनकी पत्नी ने एक दूसरे पर कई तरह के आरोप लगाये। रामगढ़ थाना, महिला थाना से लेकर एसपी के पास कई बार शिकायतें कीं। अब यह मामला संबंध विच्छेद के लिए फैमिली कोर्ट तक जा पहुंचा है। 18 जनवरी को फैमिली कोर्ट गौतम कुमार ब्रजेश के न्यायालय में किशोर कुमार रजक के द्वारा अपनी पत्नी वर्षा श्रीवास्तव के खिलाफ अंडर सेक्शन 27 क्लॉज 2 स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 के तहत विवाह विच्छेद का आवेदन दिया गया है। अगली सुनवाई 13 फरवरी को है। बता दें कि पति-पत्नी घरेलू झगड़े को इंटरनेट मीडिया में लाकर एक दूसरे पर कई तरह के गंभीर आरोप लगा चुके हैं।

# सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता।**




**लातेहार।** लातेहार सदर प्रखंड के नेवाड़ी पंचायत भवन में बुधवार को अंचलाधिकारी रूद्र प्रताप प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव सदर थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी की अध्यक्षता में सरस्वती पूजा को शांति पूर्ण एव सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान क्षेत्र में सरस्वती पूजा मनाया जाने और आपसी सुधार एवं भाईचारे का माहौल बनाए जाने हेतु चर्चा की गई। सरस्वती पूजा के दौरान पूर्ण रूप से शराबबंदी एवं जुआ खेलने वाले पर शिकंजा कसे जाने को लेकर विशेष रूप से चर्चा की गयी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए सीओ रूद्र प्रताप ने कहा कि सरस्वती पूजा क्षेत्र में आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि सरस्वती पूजा त्यौहार में किसी तरह का कोई हुड़दंग न हो। इसे लेकर शांति समिति के सदस्यगण शत प्रतिशत अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। मैं थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में सरस्वती पूजा अचार्य के साथ संपन्न हुआ इसे लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है थाना प्रभारी ने कहा कि सरस्वती पूजा त्यौहार के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी पैदा करने वाले को बक्सा नहीं जाएगा शक्ति से कार्रवाई की जाएगी।

# मनोज शर्मा ने पूर्व तट रेलवे के नये महाप्रबंधक का कार्यभार संभाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** 1985 बैच के इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इंजीनियरिंग (क्ष्ग्ऋए) के अधिकारी मनोज शर्मा ने पूर्व तट रेलवे के महाप्रबंधक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। नयी नियुक्ति से पहले श्री शर्मा मुंबई में मध्य रेलवे (सीआर) के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने पश्चिम रेलवे में मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम)/रतलाम, उत्तर रेलवे, दिल्ली में मुख्य अभियंता, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) में मुख्य महाप्रबंधक और अनुसंधान डिजाइन मानक संगठन (आरडीएसओ), लखनऊ में संयुक्त निदेशक/निदेशक के रूप में भी काम किया है। श्री शर्मा 1987 में भारतीय रेलवे में शामिल हुए। उन्होंने रुड़की विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री और आइआइटी, दिल्ली से प्रौद्योगिकी में मास्टर्स किया। उन्हें परियोजनाओं के निर्माण और कमीशनिंग का व्यापक अनुभव है। उन्होंने आरडीएसओ, लखनऊ, एनएचएआइ आदि जैसे विभिन्न विभागों में महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। श्री शर्मा अत्यंत प्रतिबद्ध और समर्पित अधिकारी हैं, जिनके पास रेलवे के कामकाज का शानदार अनुभव है। उनके पास सक्रिय दृष्टिकोण और समस्या को सुलझाने का कौशल है, जो सभी के साथ हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर अतिरिक्त जिम्मेदारी निभाते हुए काम करते हैं। श्री शर्मा ने हर कार्य को चुनौती के रूप में लेते हुए भारतीय रेलवे के मिशन को पूरा करने के लिए हमेशा आगे बढ़ने का प्रयास किया है।






# 10 लाख का इनामी सब जोनल कमांडर तिलकेश्वर गोप गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप का करीबी और 10 लाख का इनामी सब जोनल कमांडर तिलकेश्वर गोप उर्फ राजेश गोप को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी किशोर कौशल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रांची पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए तिलकेश्वर गोप को रांची के टाटीसिल्वे थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। तिलकेश्वर गोप को पुलिस गुप्त स्थान पर रखकर पूछताछ कर रही है। पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप का काफी करीबी माने जाने वाले तिलकेश्वर गोप की लंबे समय से रांची समेत कई जिले की पुलिस को तलाश थी। इसी बीच रांची एसएसपी को गुप्त सूचना मिली की तिलकेश्वर गोप टाटीसिल्वे इलाके में आया हुआ है। जिसके बाद पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। वह खूंटी के कर्रा थाना क्षेत्र के कनिुटोली बकसपुर का रहनेवाला है।




रांची पुलिस के द्वारा दिसंबर 2021 में पुनई का एनकाउंटर कयिा गया था। इसके बाद पीएलएफआइ का सब जोनल कमांडर तिलकेश्वर गोप क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने में जुटा था। वह संगठन में पुराने और नए लड़कों को जोड़ने में जुटा हुआ था, ताकि जमीन कारोबारी, क्रशर और पत्थर खदान चलाने वाले व्यवसायियों से लेवी की वसूली हो सके।












## खादगढ़ा बस स्टैंड में तीन लोगों को पत्थरों से कूचा, महिला की मौत

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड में एक महिला की पत्थर से कूच कर हत्या कर दी गयी। बताया जाता है कि देर रात तीन लोगों को पत्थर से बुरी तरह से कूचा गया था, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुटी है। मृतक महिला का नाम लता देवी है। लोअर बाजार थाने की पुलिस ने बताया कि आपसी विवाद में इस घटना को अंजाम दिया गया है। तीनों लोग खादगढ़ा बस स्टैंड में लोगों से मांग कर खाना खाते थे। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

## बोकारो में निकलेगी 17 विभागों की झांकियां

### पुलिस अधीक्षक ने की तैयारियों की समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले में उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक चंदन झा ने गणतंत्र दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने को लेकर अब तक की गयी तैयारियों की समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि जिन पदाधिकारियों को जो दायित्व दिया गया है, उसका निष्पादन ससमय करेंगे। किसी भी तरह की कोई चूक नहीं होनी चाहिए। राष्ट्रीय पर्व के मुख्य समारोह स्थल सेक्टर-12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में ध्वजारोहण सूबे के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री जगरनाथ महतो करेंगे। स्कूली बच्चों द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में प्रभात फेरी निकाली जायेगी। इसे जिला शिक्षा पदाधिकारी व जिला शिक्षा अधीक्षक को सुनिश्चित करने को कहा।

उपायुक्त ने विभाग से संबंधित उपलब्धियों व योजनाओं पर आकर्षित झांकी तैयार करने की बात कही। कुल 17 झांकी अलग-अलग विभागों द्वारा निकाली जायेगी। इस अवसर पर उपविकास आयुक्त कीर्तीश्री जी, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी विवेक सुमन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी गीतांजली, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल भारती, कार्यपालक अभियंता पेयजल विभाग चास संजय कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी डा. मनोज मणि, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, पुलिस उपाधीक्षक ट्रैफिक पूनम मिंज, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार आदि उपस्थित थे।

## गाय की आंखों में मिर्च डालकर होती है तस्करी

आजाद सिपाही संवाददात

**जामताड़ा।** राज्यभर के कई जिलों से मवेशियों की तस्करी की खबरें आती रहती हैं। ताजा मामला जामताड़ा का है। कंटेनर में भरकर 90 मवेशियों की तस्करी की जा रही थी। कार और दूसरे सामान ले जाने वाले बड़े कंटेनर वाले ट्रक का इस्तेमाल किया जा रहा है। बुधवार की सुबह 90 मवेशियों से लदी दो बड़े कंटेनर को बजरंग दल की सहायता से पुलिस ने झारखंड बंगाल सीमा पर पकड़ा है। कंटेनर के अंदर गाय इस हालात में डाली जाती हैं कि कई बार गाय की मौत हो जाती है। इस मामले में भी एक गाय की मौत हो गयी जबकि कई गाय की हालत चिंताजनक है। बजरंग दल लंबे समय से इस तरह की तस्करी को रोने की कोशिश कर रहा है। कई सामाजिक संगठन भी साथ आकर तस्करी पर लगाम लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

देवघर जिला संयोजक सोनू सिंह ने बताया कि हमें गुप्त सूचना मिली थी कि बगदाहा से दो कंटेनर गौ लाद कर तस्करी की जा रही है। रात के दो बजे हम कंटेनर को रोकने पहुंच गये। कंटेनर के आगे एक स्विफ्ट कार स्कॉट कर रही थी। 34 किलोमीटर दूर मिहिजाम थाना क्षेत्र के बेवा के पास एक दूसरे वाहन की सहायता से कंटेनर को रोका गया, कंटेनर रोकने के बाद चालक फरार हो गये।

## मारवाड़ी कॉलेज में एनसीसी कैडेटों का हंगामा, धरना पर बैठे

**रांची (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी कॉलेज में एनसीसी कैडेटों ने कॉलेज के मेन गेट में ताला जड़ दिया और वहीं धरने पर बैठ गये। उनका आरोप है कि कॉलेज के प्रोफेसर ने उनके साथ बदसलूकी की। कैडेटों का कहना है कि 26 जनवरी को लेकर वे लोग ऑडिटोरियम की चाबी मांगने गये थे। उन्हें चाबी तो नहीं दी गयी। साथ ही बदसलूकी की गयी। इसके बाद कैडेटों का गुस्सा भड़क गया और वह अपनी कई मांगों को लेकर हंगामा करने लगे और धरने पर बैठ गये। इस दौरान कैडेटों ने कॉलेज प्रशासन मुर्दाबाद के नारे भी लगाये।










# बीएमसी पोल पर असर

महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने मंगलवार को जिस तरह से सार्वजनिक तौर पर पद छोड़ने की इच्छा जताई, उसे अचानक जरूर कहा जा सकता है, लेकिन अप्रत्याशित नहीं। पिछले कुछ समय से उन्हें पद से हटाये जाने की मांग काफी तेज हो गयी थी और सत्तारूढ़ बीजेपी भी उनका बचाव करने में खुद को असहज पा रही थी। करीब तीन साल का उनका कार्यकाल बयानों से उपजे विवादों और विपक्ष की ओर से लगते आरोपों की वजह से चर्चित रहा। राज्यपाल के रुख से अगर उद्धव ठाकरे नीत महाविकास आघाड़ी की पिछली सरकार परेशानी महसूस करती रही तो उसमें कोई खास बात नहीं मानी जाएगी। पिछले कुछ समय से यह ट्रेंड कई राज्यों में देखने में आ रहा है, खास कर उन राज्यों में जहां सरकार गैर-बीजेपी दलों की है। यहां खास बात यह रही कि राज्यपाल के बयानों ने जाने-अनजाने राजनीतिक दायरे से बाहर आम लोगों की भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई। और ऐसा एक बार नहीं, कई बार हुआ। कभी वह किसी विडियो में जाने-माने समाजसेवी ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई की बचपन में हुई शादी का मजाक उड़ाते दिखे तो कभी कह दिया कि अगर मारवाड़ियों और गुजरातियों को हटा दिया जाये तो मुंबई देश की वित्तीय राजधानी नहीं रह जायेगी। पिछले साल नवंबर में उन्होंने एक समारोह में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज पुराने दौर के नायक थे। नये दौर के नायकों के रूप में उन्होंने बाबा साहब आंबेडकर और नितिन गडकरी का नाम लिया। इसकी राज्य में स्वाभाविक ही तीखी प्रतिक्रिया हुई। बीजेपी के अंदर भी एक तबके की यह राय बनती जा रही थी कि अगर नेतृत्व ने जल्द कोई फैसला नहीं लिया तो इन बयानों का खामियाजा पार्टी को भी भुगतना पड़ेगा। गौर करने की बात है कि राज्यपाल कोश्यारी की यह घोषणा ऐसे समय आयी है, जब मुंबई के महानगरपालिका (बीएमसी) चुनावों को दो महीने भी नहीं रह गये हैं। एशिया की सबसे अमीर महानगरपालिका के ये चुनाव न केवल शिवसेना और उससे अलग हुए एकनाथ शिंदे गुट, बल्कि बीजेपी के लिए भी खासे अहम हैं। 2017 के चुनावों में बीजेपी और शिवसेना एक साथ लड़ी थीं और 227 सीटों में से शिवसेना ने 95 तो बीजेपी ने 82 सीटें जीती थीं। इस बार न केवल बीजेपी और शिवसेना अलग-अलग हैं, बल्कि शिवसेना का एक धड़ा भी टूटकर बीजेपी से जा मिला है। पारंपरिक तौर पर मुंबई महानगरपालिका पर कब्जा शिवसेना की ताकत का मुख्य स्रोत रहा है।

**एशिया की सबसे अमीर महानगरपालिका के ये चुनाव न केवल शिवसेना और उससे अलग हुए एकनाथ शिंदे गुट, बल्कि बीजेपी के लिए भी खासे अहम हैं। 2017 के चुनावों में बीजेपी और शिवसेना एक साथ लड़ी थीं और 227 सीटों में से शिवसेना ने 95 तो बीजेपी ने 82 सीटें जीती थीं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**दिसंबर 2022 के आंकड़े ही बताते हैं कि पिछले साल की तुलना में हमारा निर्यात 12 फीसदी कम हुआ है। तेल के आयात का बिल कम होने से आयात में भी तीन फीसदी की कमी आयी है ,लेकिन चालू खाते का कुल व्यापार घाटा बढ़ता जा रहा है और जानकार मानते हैं कि यह जीडीपी के 4.4 फीसदी तक जा सकता है। इसमें अगर केंद्र और राज्य सरकारों के राजकोषीय घाटे को जोड़ें तो यह 10-11 फीसदी तक चला जायेगा।**

# लोक लुभावन बजट की उम्मीद न ही करें तो बेहतर

**अरविंद मोहन**




बजट की घंटी बज गयी है। अब तक ज्यादातर तैयारियां हो चुकी होंगी। सरकार और रिजर्व बैंक की तरफ से जो कुछ कहा जा रहा है, वह अर्थव्यवस्था की वाह-वाह वाला ही है। नौ बजटों में सूखा रहने के बाद भारतीय मध्य वर्ग इस बार सरकार से कर राहत समेत कई तरह के लाभ चाहता है और नौ राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव सरकार को भी सख्ती न करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। इस वाह-वाह की खास बात यह है कि इस साल दुनिया की अर्थव्यवस्था हिचकोले खा रही है और अमेरिका तथा यूरोप तक को होश नहीं है। पूरे कोरोना काल में मौज कर रहा चीन अब भारी संकट में है और उसकी अर्थव्यवस्था भी इस बार भारत से खराब हालत में रह सकती है।

लेकिन सच्चाई का दूसरा पक्ष यह है कि खुद हमारी अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छी खबर आती है, तो तीन बुरी खबर होती हैं और इसके ऊपर यूक्रेन युद्ध के दुष्प्रभावों का खतरा टला नहीं है। फिर तेल की कीमतें अभी जिस स्तर पर हैं, उतने पर रुकी नहीं रहेंगी और सबसे बढ़ कर यह कि भूमंडलीकरण के इस दौर में हम विश्व अर्थव्यवस्था के अच्छे-बुरे प्रभावों से अछूते नहीं रह सकते। इसका सबसे बड़ा प्रमाण हमारा गिरता निर्यात है, क्योंकि दुनिया भर में मांग कम हुई है। इधर यूक्रेन युद्ध की वजह से अनाज की मांग बढ़ी थी, जो अब वापस मंदी पर आ गयी है। दूसरी तरफ हमारा आयात कम होने का नाम नहीं ले रहा और उसमें बहुत ज्यादा कमी की गुंजाइश नहीं रह गयी। दिसंबर 2022 के आंकड़े ही बताते हैं कि पिछले साल की तुलना में हमारा निर्यात 12 फीसदी कम हुआ है।

**दिसंबर 2022 के आंकड़े ही बताते हैं कि पिछले साल की तुलना में हमारा निर्यात 12 फीसदी कम हुआ है।**

तेल के आयात का बिल कम होने से आयात में भी तीन फीसदी की कमी आयी है ,लेकिन चालू खाते का कुल व्यापार घाटा बढ़ता जा रहा है और जानकार मानते हैं कि यह जीडीपी के 4.4 फीसदी तक जा सकता है। इसमें अगर केंद्र और राज्य सरकारों के राजकोषीय घाटे को जोड़ें तो यह 10-11 फीसदी तक चला जायेगा।

अगर अर्थव्यवस्था इतने भारी घाटे में होगी, तो सरकार को हाथ बांधने ही होंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण चाहे जो बोलें, लेकिन उनकी मुट्ठी अगर लगातार कसती जा रही है, तो उसकी वजह यही है। जाहिर है ऐसे में हम उनसे मध्य वर्ग के लिए उदार या लोक लुभावन बजट की उम्मीद न ही करें तो बेहतर है।

सरकार और वित्त मंत्री जरूर महंगाई के आंकड़ों में लगातार कमी से कुछ राहत महसूस कर रही होंगी। खास बात यह है कि अब थोक मूल्य सूचकांक भी काफी नीचे आया है, जो 15 फीसदी तक चला गया था। अब वह 5 फीसदी के नीचे आ गया है, जिसे कम तो नहीं माना जा सकता, लेकिन यह बेचैनी वाली हालत का संकेत नहीं देता। मगर अभी भी खुदरा मूल्य सूचकांक 6 फीसदी से ज्यादा नीचे नहीं है, जो खतरे का स्तर माना जाता है।

इधर बैंक द्वारा सूद की दरें बढ़ाने से मुद्रास्फीति कम हुई है। यह अर्थव्यवस्था के लिए तो अच्छी सूचना है लेकिन सरकार के लिए बुरी। बुरी इस मायने में कि इससे रिजर्व बैंक की अपनी कमाई और बचत में भारी कमी आई है और उसका मुनाफा घटा है। इसके चलते वह सरकार को मोटा बोनस देने की स्थिति में नहीं होगा।

सरकार ही नहीं, हम भी यह सोचकर खुश होते हैं कि यूक्रेन युद्ध ने उतना नुक्सान नहीं किया, जितने की आशंका थी लेकिन अभी भी वह क्या रुख लेगा, कहना मुश्किल है। यही हाल तेल की कीमतों का है। अगर यूरोप अमरीका के बाजार से मांग गायब है और वे भारी महंगाई से जूझ रहे हैं तो जल्दी हालत सुधरने की बात करना सपना हो सकता है। अमरीका तक ने बैंक दरों में बढ़ोतरी करके अर्थव्यवस्था पर जो बोझ लादा है, उससे बहुत जल्दी मुक्ति होगी और अर्थव्यवस्था जल्दी पटरी पर लौटेगी, यह कल्पना भी मुश्किल है। बल्कि इसके चलते हमारे शेयर बाजार से भारी मात्रा में पूंजी निकाली जा रही है। इसका दबाव हमारा रुपया भी झेल रहा है। मांग न होने से कारखानों का उत्पादन गिरा है। हमारी अर्थव्यवस्था में मजबूत चीजें दिख रही हैं (कृषि उत्पादन वगैरह) लेकिन यह सोच लेना कि मात्र इतने से हम दुनिया में सबसे आगे हो जायेंगे, तो ये मुंगेरीलाल के हसीन सपने ही हैं। उम्मीद यही करनी चाहिए कि वित्त मंत्री चुनावी वर्ष में लोक लुभावन प्रावधानों वाला बजट लाने की जगह खर्च बढ़ाने वाला बजट लायेंगी।

सभी उम्मीद लगाये बैठे हैं कि वह खेती के साथ सेवा क्षेत्र के लिए कुछ बड़े कदमों की घोषणा करेंगी। सेवा क्षेत्र को बढ़ावा देना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्र उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे। बल्कि यह उम्मीद भी की जा रही है कि सेवा क्षेत्र का निर्यात वस्तुओं के निर्यात से ऊपर निकल जायेगा।

दुनिया के अनाज और वस्तु व्यापार बाजार में हालात बेहतर होने से राहत महसूस की जा रही है, लेकिन हमारे पड़ोस में पाकिस्तान और श्रीलंका जैसे देशों की जो हालत हुई है, वह भूलनी नहीं चाहिए। विश्व अर्थव्यवस्था अभी ऐसे ही नाजुक दौर में है। एक-दो गलत और बड़े कदम आपको पाताल में पहुंचा सकते हैं। इसलिए ऊंची-ऊंची बातें, बड़े दावे छोड़िए, बजट से मतदाता को प्रभावित करने का हिसाब न लगाइए।

**सभी उम्मीद लगाये बैठे हैं कि वह खेती के साथ सेवा क्षेत्र के लिए कुछ बड़े कदमों की घोषणा करेंगी। सेवा क्षेत्र को बढ़ावा देना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्र उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे। बल्कि यह उम्मीद भी की जा रही है कि सेवा क्षेत्र का निर्यात वस्तुओं के निर्यात से ऊपर निकल जायेगा।**

विशेष

## रामगढ़ उपचुनाव : झारखंड भाजपा के लिए 2024 की उम्मीद की किरण

# परीक्षा कठिन है, लेकिन पास होना जरूरी है

आजाद सिपाही विशेष

**2019 के विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर होने के बाद से झारखंड में किसी प्रत्यक्ष चुनावी जीत के लिए तरस रही प्रदेश भाजपा ने देवघर में हुई दो दिवसीय कार्यसमिति की बैठक में राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटें जीतने की रणनीति तैयार की है। पार्टी ने संकल्प लिया कि झारखंड को बचाने के लिए हर हाल में हेमंत सरकार को हटाना है। सुदूर गांवों के लोगों को भी हेमंत सरकार की गलत नीतियों को बता कर जनमत तैयार करना होगा। इसके लिए बूथ समितियों और पन्ना समितियों को सशक्त करने की रणनीति बनी। युवाओं को आगे बढ़ाने का आह्वान हुआ। लेकिन पार्टी के नेताओं को शायद यह आभास नहीं हुआ कि लोकसभा चुनाव तो बाद में होगा, आगामी 27 फरवरी को रामगढ़ विधानसभा सीट के लिए होनेवाले उप चुनाव में ही पार्टी की अग्नि परीक्षा हो जायेगी। हालांकि इस सीट से भाजपा की सहयोगी आजसू का उम्मीदवार चुनाव लड़ेगा, लेकिन उस स्थिति में भी झारखंड भाजपा के तीनों कद्दावर नेताओं, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी होगी। इनमें सबसे ज्यादा प्रदेश अध्यक्ष की छवि पर असर पड़ेगा, जिनके कार्यकाल में भाजपा उपचुनाव में जीत का खाता नहीं खोल पायी है। ऐसे भाजपा अगर अपना पक्ष जल्द जमीन पर रख देगी तो उम्मीदवार को आसानी होगी दौड़ लगाने में। आखिरी समय में मामला गड़बड़ हो जाता है। ऐसा पूर्व के चुनावों में देखा भी गया है। भाजपा को अपनी सहयोगी आजसू पार्टी की जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी और यह भी साबित करना होगा कि लोकसभा चुनाव में राज्य की सभी 14 सीटें जीतने की ताकत उसने हासिल कर ली है, क्योंकि 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा हेमंत सोरेन के नेतृत्ववाले महागठबंधन से चारों खाने चित्त हो गयी थी। उसकी आदिवासी सीटों पर सबसे ज्यादा करारी हार हुई थी। देवघर में हुई कार्यसमिति की बैठक की पृष्ठभूमि में रामगढ़ में होनेवाले उप चुनाव में भाजपा की स्थिति का आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी समिति ने राज्य की आध्यात्मिक राजधानी देवघर में दो दिनों तक बैठक कर 2024 में होनेवाले आम चुनाव में जीत की रणनीति तय की। इसके अलावा उसने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार को हटाने के लिए हरसंभव कोशिश करने का भी संकल्प लिया। बैठक के दौरान प्रदेश के नेताओं ने राज्य की सभी 14 संसदीय सीटों पर जीत के लिए अभी से कोशिश शुरू करने का आह्वान तो किया, लेकिन उन्हें शायद आगामी 27 फरवरी को रामगढ़ विधानसभा सीट पर होनेवाले उपचुनाव का ध्यान नहीं रहा, जहां झारखंड भाजपा की ताकत की असली परीक्षा होनेवाली है।

हालांकि रामगढ़ में भाजपा को उम्मीदवार नहीं देना है, लेकिन उसकी सहयोगी आजसू के उम्मीदवार की जीत के लिए उसे एड़ी-चोटी का जोर लगाना होगा। रामगढ़ में खासतौर पर भाजपा के तीन दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इनमें प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी शामिल हैं। इनमें सबसे ज्यादा प्रतिष्ठा प्रदेश अध्यक्ष की दांव पर लगी है, जिनके कार्यकाल में अब एक तक एक भी उपचुनाव में भाजपा को जीत का स्वाद नहीं मिल पाया है। सच कहा जाये तो लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के लिए रामगढ़ उपचुनाव एक बड़ी चुनौती है।

**देवघर बैठक में तैयार रणनीति का अंजाम भी पता चल जायेगा**

रामगढ़ में अपने सहयोगी आजसू की प्रत्याशी को जीत दिलाना इन नेताओं के लिए परीक्षा और चुनौती इसलिए है, क्योंकि 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा झारखंड की सत्ता से बाहर हुई ही, इसके बाद प्रदेश में हुए चार उपचुनावों में भी उसे शिकस्त मिली। उपचुनावों से पहले जीत के दावे से शुरूआत करने से लेकर चुनाव बाद यूपीए की परंपरागत सीट होने का बहाना खोजने वाली भाजपा को अपनी साख बचाने के लिए रामगढ़ में जीत ही विकल्प है।



झारखंड भाजपा के नेता जानते भी हैं कि रामगढ़ में मुकाबला आसान नहीं होगा। आजसू के उम्मीदवार को जिताने के लिए उसे पूरी ताकत झोंकनी होगी। अभी तक तो भाजपा की तरफ से कोई पहल दिख नहीं रही है, जबकि महागठबंधन के अगुवा हेमंत सोरेन कांग्रेस नेताओं के साथ बैठ कर रणनीति बना चुके हैं।

### देवघर में बनी रणनीति


देवघर में झारखंड भाजपा ने जो राजनीतिक प्रस्ताव पास किया, उसमें हेमंत सोरेन सरकार को सत्ता से हटाने के लिए हरसंभव कोशिश करने की बात कही गयी है। लेकिन भाजपा को यह समझना होगा कि हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ उसका स्टैंड लोकसभा चुनाव में कारगर नहीं होगा, क्योंकि वह चुनाव नरेंद्र मोदी बनाम हेमंत सोरेन का नहीं होगा। हेमंत सोरेन की लोकप्रियता और उनकी सरकार की नीतियों के खिलाफ भाजपा के स्टैंड की परीक्षा तो रामगढ़ में ही होगी। दूसरी बात यह है कि लोकसभा चुनाव में झारखंड भाजपा को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की भरपूर मदद मिलेगी। इसलिए उस चुनाव में प्रदेश इकाई की रणनीति की बहुत अधिक भूमिका नहीं होगी।

जहां तक हेमंत सोरेन सरकार को हटाने के संकल्प की बात है, तो झारखंड भाजपा के नेताओं को रामगढ़ में खुद को साबित करना होगा। हेमंत सोरेन सरकार ने जिस तरह 1932 के खतियान के मुद्दे पर कदम बढ़ाया है, उसकी काट फिलहाल भाजपा के पास नहीं है। रामगढ़ में सदान (कुरमी) मतदाताओं के बीच 1932 के खतियान का मुद्दा कितना अहम है, यह इसी उपचुनाव में पता चल जायेगा। एक और बात गौर करने लायक है कि सदान ही आजसू और भाजपा के वोट बैंक हैं। इसलिए रामगढ़ में इसकी भी परीक्षा हो जायेगी। यदि आजसू-भाजपा गठजोड़ रामगढ़ सीट जीत जाता है, तो फिर 2024 के लिए वह थोड़ा आश्वस्त हो सकता है।

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए 31 जनवरी को अधिसूचना जारी होगी और इसी के साथ चुनाव के लिए नामांकन भी शुरू हो जायेगा। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख 7 फरवरी निर्धारित की गयी है। दाखिल नामांकन पत्रों की जांच 8 फरवरी को होगी और 10 फरवरी तक नामांकन वापस लिये जायेंगे। रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव के लिए 27 फरवरी को मतदान होगा। मतगणना दो मार्च को निर्धारित की गयी है। ममता देवी को आइपीएल फैक्ट्री के खिलाफ आंदोलन में हुई मौत मामले में सजा होने के बाद उनकी सदस्यता चली गयी थी, जिसके बाद से यह सीट रिक्त हो गयी थी। रामगढ़ उपचुनाव के लिए अभी तक महागठबंधन ने अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। हालांकि एनडीए गठबंधन में आजसू से वर्तमान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी का चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है।

2016 से विस्थापितों के आंदोलन की अगुवाई कर चर्चा में आयी जिला परिषद सदस्य एवं कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी ने आजसू के सबसे मजबूत गढ़ को ढाह दिया था। कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी 2014 में आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के सर्वाधिक 98,987 मत लाने के रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए 99944 मत प्राप्त कर चुनाव जीतने में कामयाब रहीं। उन्होंने 28718 वोट से जीत हासिल की थी। जबकि सुनीता चौधरी सिर्फ 71,226 वोट ही हासिल कर पायीं। भाजपा को कुल 31874 वोट मिले थे। भाजपा-अजसू गठबंधन नहीं होने से आजसू के परंपरागत वोटों का बिखराव हो गया था। कांग्रेस प्रत्याशी होने के कारण ममता को अल्पसंख्यक वोट एकमुश्त में मिल गया। महागठबंधन की प्रत्याशी होने के कारण ममता देवी झामुमो के परंपरागत दलित-आदिवासी के परंपरागत वोट लेने में भी कामयाब रहीं। कांग्रेसी कैडर भी पूरे ईमानदारी के साथ ममता देवी के साथ रहे। 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य में लगातार 15 साल से मंत्री रहे चंद्रप्रकाश चौधरी के गिरिडीह में सांसद बनने के बाद विधानसभा चुनाव में वह अपनी पत्नी सुनीता चौधरी को चुनाव जिताने में असफल हो गये। इस प्रकार रामगढ़ में आजसू का पिछले 15 साल का किला ध्वस्त हो गया। फिलहाल झारखंड भाजपा की स्थिति यह है कि वह हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ मुखर तो है, इसका असर भी दिख रहा है, लेकिन यह वोट में कितना बदलेगा, इस बारे में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता।

देवघर में झारखंड भाजपा ने जो भी संकल्प लिया हो, अभी तो उसे अपना पूरा ध्यान रामगढ़ पर ही लगाना होगा, क्योंकि उपचुनावों में लगातार पांचवीं हार उसके आत्मविश्वास के लिए घातक हो सकती है। इसलिए देवघर बैठक के बाद कहा जा रहा है कि लोकसभा चुनाव तो बाद में होगा, पहले रामगढ़ की वैतरणी तो झारखंड भाजपा पार कर ले।


समस्त झारखंडवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं
WITH BEST COMPLIMENTS FROM
A & A CONSTRUCTION
PUSTAK BHAWAN COMPLEX, COURT ROAD, RANCHI (JHARKHAND)

# धनबाद में डीजल लुटेरों ने कंटेनर पर की फायरिंग, गोली लगने से चालक घायल

**मुंबई के पूणे से तेल लेकर धनबाद पहुंचा था चालक**

**मामला दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** कोयलांचल में अपराधियों का उपद्रव थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां बात-बात गोली-बम चलाना और किसी की जान ले लेना आम बात जैसी हो गई है। अपराधियो पर लगाम लगाने में पुलिस विफल नजर आ रही है। ताजा मामला झरिया थाना क्षेत्र की है, जहां के विक्ट्री में बंद पड़े पेट्रोल पंप के समीप नकाबपोश डीजल लुटेरों ने एक कंटेनर वाहन को निशाना बनाते हुए गोलीबारी की है। डीजल लूटने के इरादे से अपराधियों ने कंटेनर पर गोलीबारी की, जिससे कंटेनर के ड्राइवर को एक गोली लग गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची झरिया पुलिस ने घायल कंटेनर चालक को धनबाद एसएनएमएमसीएच अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती करया है, जहां चालक का इलाज चल रहा है। वहीं पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार रात पुणे से धनबाद पहुंची महाराष्ट्र नंबर की ट्रक संख्या एमएच 12 आरएन 9299 का चालक चोपन पाल गंगोत्री नामक सेनेटरी की दुकान में माल उतार कर नो एंट्री खुलने का इंतजार कर रहा था। इतने में उसे झपकी आ गई। तभी अचानक कुछ नकाबपोश अपराधी ट्रक का डीजल और टायर लूटने की नीयत से वहां आ धमके और ट्रक पर फायरिंग शुरू कर दी, ताकि ट्रक का ड्राइवर डर कर मौके से फरार हो जाए, लेकिन इस फायरिंग में ट्रक में सो रहे ट्रक ड्राइवर चोपन पाल को गोली लग गई और वो घायल हो गयी सूत्रों की मानें तो अपराधियों ने मौके पर चार गोलियां चलाई हैं, इसके आलावा ट्रक के फ्यूल टैंक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है

## पुलिस ने दो खोखे किये बरामद

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची झरिया पुलिस ने घायल चालक को तत्काल इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच भेज दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस को मौके से दो खोखा भी बरामद हुआ है। घायल ट्रक चालक मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। चालक चोपन ने बताया कि वह पहली बार धनबाद आया है। वह ट्रक खड़ी कर उसमें सो रहा था, इसी दौरान नकाबपोश तीन अपराधी लूटपाट की नीयत से मौके पर पहुंचे और गोलियां चलानी शुरू कर दी।





























# राजपथ से आज लगातार 14वें साल गणतंत्र दिवस परेड में गूंजेगी धनबाद के बेटे की आवाज



कर्नल जेके सिंह।

**गणतंत्र दिवस पर भव्य परेड की लाइव कमेंट्री करते नजर आएंगे कर्नल जेके सिंह**

**सेना से रिटायर्ड होने के बाद झारखंड पुलिस के एसटीएफ में एसपी पद पर सेवा दे रहे हैं सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** झारखंड के धनबाद निवासी व सेना में स्पेशल पैरा कमांडो रहे कर्नल जेके सिंह गुरुवार, 26 जनवरी को लगातार 14वें साल दिल्ली के राजपथ (नया नाम कर्तव्य पथ) पर गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान भव्य परेड की लाइव कमेंट्री करते नजर आएंगे। धनबाद के पालिटेक्निक रोड निवासी कर्नल जेके सिंह ही भारत सरकार की ओर से हर साल यहां आयोजित किए जाने वाले भव्य परेड की हिंदी में आधिकारिक कमेंट्री करते रहे हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजपथ से परेड की कमेंट्री करना हर किसी का सपना होता है। इसके लिए हर वर्ष देश के कोने-कोने से रक्षा मंत्रालय में आवेदन आते हैं। लेकिन धनबाद के इस लाल की बुलंद आवाज सबपर भारी पड़ता है। लिहाजा इस बार भी यहां के लाल की बुलंद आवाज एक बार फिर पूरा देश सुनेगा। कर्नल सिंह 2010 से ही हर वर्ष 26 जनवरी को राजपथ से कमेंट्री करते आ रहे हैं। इसका टीवी पर भी सीधा प्रसारण होता है। सेना के प्रमुख कार्यक्रमों के संचालन से लेकर आर्मी डे परेड, एनसीसी परेड की भी हर साल कर्नल सिंह ही कमेंट्री करते रहे हैं।

दरअसल, यह वही जेके सिंह हैं, जिनकी आवाज व वीरता के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर सदी के महानायक बिग बी अमिताभ बच्चन तक मुरीद हैं। सेना से रिटायर्ड होने के बाद कर्नल जेके सिंह फिलहाल झारखंड पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) में एसपी के पद पर पिछले कई वर्षों से सेवा दे रहे हैं। सिंह पूरे झारखंड के बाल सुधार गृह के भी नोडल अधिकारी हैं। बहुमुखी प्रतिभा के धनी कर्नल जेके सिंह वही योद्धा हैं जो सेना में सर्विस के दौरान कश्मीर में कई कुख्यात आतंकियों को मुठभेड़ में मार चुके हैं। इसके लिए उन्हें प्रतिष्ठित सेना मेडल तक मिल चुका है। सेना से रिटायर्ड होने के बाद अब वे झारखंड में एसटीएफ के एसपी के रूप में नक्सलियों से लोहा लेते हुए उनके सफाए में जुटे हैं।

## हर बार कुछ नया करने का प्रयास करते हैं

कर्नल सिंह ने बताया कि वो हर बार परेड की कमेंट्री में कुछ नया करने का प्रयास करते हैं। नया तेवर और कलेवर लाने के लिए पूरे वर्ष प्रयत्न करते हैं। कर्नल सिंह के साथ हर बार पांच अन्य लोगों का भी कमेंट्री के लिए चयन होता है। इसमें चार हिंदी और दो अंग्रेजी के उद्घोषक होते हैं। कर्नल सिंह के अनुसार, ऐसे राष्ट्रीय कार्यक्रम की कमेंट्री के लिए हर साल दो माह पहले से ही तैयारी शुरू कर देनी होती है।

### केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी रविंद्र पांडेय के आवास पहुंची

# वर्तमान राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल है : अन्नपूर्णा देवी

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो (बेरमो)।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अन्नपूर्णा देवी गिरिडीह के पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पाण्डेय के निजी कार्यक्रम में उनके आवासीय कार्यालय फुसरो पहुंची। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी पत्रकारों से साक्षात्कार करते हुए कहीं कि मौजूदा राज्य सरकार भ्रष्टाचार के आकंट में डूबी हुई है। इस सरकार से आम जनता त्रस्त हो चुकी है। पिछली रघुवर दास की सरकार में कानून व्यवस्था, बिजली, सड़क या अन्य हर क्षेत्र में काम हो रहा था और जनता खुश थी। वर्तमान सरकार राज्य को लूटने और बर्बाद करने के लिए बनी है। राज्य के मुख्यमंत्री खुद अपने नाम से लीज ले रहे हैं। उनके अधिकारियों के यहां छापेमारी में पैसों का भंडार मिल रहा है। राज्य सरकार के द्वारा जो भी वादा किया गया था उसे पूरा नहीं किया गया। सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। आज कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। महिलाओं के साथ उत्पीड़न हो रहा है। मुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र में बच्चियों के साथ अत्याचार हो रहा है। उसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे अपराधियों का मनोबल बढ़ चुका है। वर्तमान में उग्रवादी घटनाएं भी बढ़ी है। जनता त्रस्त है और वर्तमान सरकार अपने परिवार के हित में लगी हुई है। सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि आम जनता त्रस्त है और वर्तमान सरकार द्वारा एक यात्रा निकाली जा रही है वह किस खुशी में निकाली जा रही है। कही कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा चुनाव मोड में रहती है। भाजपा का शासन का मतलब सुख भोगना नहीं बल्कि जनता की सेवा करना होता है। भाजपा के नेता और कार्यकर्ता हमेशा समाज सेवा के लिए कार्य करते हैं। कोरोना काल सारी पार्टी के नेता घर में थे और भाजपा के लोग अपने परिवार की परवाह किए बगैर गांव गांव घूमकर समाजसेवा में लगे हुए थे। आगे भी भाजपा के लोग आमजन की सेवा को लक्ष्य मानकर काम करेगी।

# कोयला चोरों ने आउटसोर्सिंग के कर्मचारियों के साथ की मारपीट, मोबाइल फोन छीने

**कतरास।** बीसीसीएल एरिया वन क्षेत्र अंतर्गत संचालित डेको आउटसोर्सिंग के कोयला फेस में मंगलवार की देर रात कोयला चोरों द्वारा आउटसोर्सिंग के कर्मचारियों के साथ मारपीट कर उनका मोबाइल फोन छीन लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत डेको आउटसोर्सिंग माइंस में कार्यरत ट्रांसपोटिंग कंपनी संजय उद्योग के साइड इंचार्ज रंजीत शुक्ला ने बुधवार को बरोरा पुलिस को लिखित शिकायत दी है। बताया कि मंगलवार की रात को 10-15 कोयला चोर आउटसोर्सिंग के फेस में कोयला चोरी करने आये थे। इसी बीच वोल्वो चालक विजय रवानी व अन्य कर्मियों के साथ मारपीट करते हुए उनका फोन छीन लिया। वहीं, रंजीत शुक्ला ने कहा कि चालक विजय रवानी, सुरेंद्र चौहान, कुल महतो, विनय राम के साथ मारपीट की गयी है।

सैनिक स्कूल तिलैया
पो-तिलैया डैम
जिला- कोडरमा (झारखंड)
विद्यालय के प्राचार्य, अधिारी, कर्मचारियों एवं छात्रों की ओर से झारखंडवासियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
सूचना
दिनांक 08 जनवरी 2023 को आयोजित अलिख भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा का परिणाम नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के वेबसाइट aissee.nic.in पर जल्द प्रकाशित किया जाएगा।
No. SST/EST/23/ 25 Jan 23
प्राचार्य

JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LTD.
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
JSFC Bhawan, Kadru Main Road, Ranchi - 834002, Email-jsfcmonitoring@gmail.com

Letter No.: 363
CORRIGENDUM NOTICE - II
Date : 25.01.2023

Corrigendum notice regarding "SHORT TENDER FOR PROVIDING TRANSPORTATION SERVICES VARIOUS DISTRICTS OF JHARKHAND FOR TRANSPORT OF PADDY & CUSTOM MILLED RICE (CMR) FROM PADDY PROCUREMENT CENTRES TO TAGGED RICE MILLS AND FROM RICE MILLS TO GODOWNS OF F.C.I RESPECTIVELY FOR THE KHARIF MARKETING SEASON 2022-23 & 2023-24 TO JHARKHAND STATE FOOD & CIVIL SUPPLIES CORPORATION LIMITED FOR 19 DISTRICT" regarding with reference to advertisement and Tender Ref. No. 5132, dated 30.12.2022.

Date of Extension:
Bid Submission End Date : 03/02/2023 at 6:00PM
Technical Opening Date : 04/02/2023 at 11:00AM

*Term and condition of the tender document to be published on the website of department, JSF&CSCL and C1 India Pvt. Ltd. Interested applicants are requested to check the website of the department (http://jharkhand.gov.in), JSF&CSCL (https://sfcjharkhand.in) or C1 India Private Ltd. (http://jharkhand.eproc.in)*


Managing Director
(JSF&CSCL)

कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा
ईमेल -daolohardaga@gmail.com,http://atmalohardaga.co.in
किसाना भाईयों
गणतंत्र दिवस की बधाई एवं जोहार,
किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ उठायें। समय पर ऋण चुकाने पर मात्र 1 प्रतिशत सूद लगता है।
प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत 80-90 प्रतिशत अनुदान पर ड्रीप/स्प्रिकंलर सिंचाई लगावें।
इससे पानी की बचत एवं उपज में वृद्धि होती है।
31.03.2020 के पूर्व के KCC के बाकी राशि में 500000/- (पचास हजार) रूपये तक के ऋण माफ किये जा रे है। नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र (CSC Center) में जाकर अपना e-Kyc करावें और इसका लाभ लें।
अधिक जानकारी हेतु प्रखंड कृषि पदधिकारी/ BTM/ATM/ जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा/परियोजना निदेशक, आत्मा, लोहरदगा से सम्पर्क करें।
जिला कृषि पदाधिकारी
लोहरदगा
पत्रांक : 62 / लोहरदगा/ दिनांक : 24.01.2023









# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर डीसी ने अधिकारियों को दिलायी मतदाता प्रतिज्ञा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2023 के पर समाहरणालय सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान ने पदाधिकारियों व कर्मियों को मतदान करने के लिए संकल्प दिलाया। उन्होंने जिले वासियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान का काफी महत्व है। चुनाव में लोगों की भागीदारी बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस




25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। कहा कि यह दिवस सभी भारत के नागरिकों को अपने राष्ट्र के प्रति कर्तव्य की याद दिलाता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन लोगों को यह बताता है कि हर व्यक्ति के लिए मतदान करना जरूरी है। प्रत्येक नागरिक का मतदान प्रक्रिया में भागीदारी जरूरी है। उन्होंने समाहरणालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मतदान करने के लिए संकल्प दिलाया। उन्होंने शपथ दिलाया कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें। मतदाता प्रतिज्ञा के दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गौरांग महतो, उप निर्वाचन पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनि कुमारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत समाहरणालय के अनेक पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।





































# गिरोह का उद्भेदन, चोरी की 23 बाइक जब्त, लोहरदगा और पलामू से तीन आरोपी गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा :** पलामू समेत राज्य के अन्य जिलों में बाइक चोरी करने वाले गिरोह का उद्भेदन करते हुए लोहरदगा पुलिस में चोरी के 23 बाइक जब्त की है। बाइक चोरी करने वाले गिरोह में शामिल तीन आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संदर्भ में लोहरदगा सदर थाना कांड संख्या 23 / 2023 दर्ज कर गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस जेल भेज दी है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लोहरदगा सदर थाना क्षेत्र के कुजरा गांव निवासी स्वर्गीय मोहन बैठा का पुत्र कुलदीप बैठा उम्र 35 वर्ष, पलामू के पड़वा थाना क्षेत्र गडरियाडीह बनखेता गांव निवासी जुगल बैठा का पुत्र अंकित कुमार बैठा उम्र 27 एवं पलामू छतरपुर थाना क्षेत्र के खोड़ी गांव निवासी करमदेव बैठा का पुत्र गुड्डू रजक 28 वर्ष के रूप में की गई है। इस संदर्भ में बुधवार को पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर पूरे मामला का खुलासा किया है। एसपी आर रामकुमार ने कहा कि जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में पिछले दिनों बाइक लूट की वारदात में बढ़ोतरी देखी गई। इसको लेकर एसडीपीओ बीएन सिंह की अगुवाई में स्पेशल टीम का गठन किया गया। स्पेशल टीम द्वारा जांच पड़ताल शुरू किया गया। इस क्रम में कुजरा गांव में कुलदीप बैठा के ठिकाने पर छापामारी किया गया तो, चोरी की चार बाइक बरामद की गयी। उसकी निशानदेही पर स्पेशल टीम द्वारा पलामू के विभिन्न स्थानों पर छापामारी कर 17 बाइक जब किया गया। निशानदेही पर लोहरदगा शहर से भी दो बाइक जब किया गया। बाइक चोरी करने वाले रैकेट को गिरफ्त में लेते हुए पुलिस ने चोरी के लिए प्रयोग होने वाले मास्टर चाभी भी बरामद किया है। एसपी ने कहा कि, पुलिस गिरफ्त में आने के बाद आरोपी कुलदीप बैठा ने बताया कि उसकी टीम द्वारा लोहरदगा और रांची में बाइक चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दिया गया। वह चोरी करने के बाद पलामू निवासी गुड्डू रजक और मुकेश बैठक चोरी की बाइक दे देता था।

## कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला।

### अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार राँची के निदेशानुसार एतद्द्वारा इच्छुक भारवाहक वाहन यथा पीकअप, 207, 407, मिनी ट्रक, ट्रेक्टर, टेलर सहित के मालिकों को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अन्तर्गत जिले के प्रखण्डस्तरीय गोदाम से विद्यालयों तक स्कूल स्टेप डिलीवरी के माध्यम् से चावल पहुँचाने हेतु स्वतंत्र एजेन्सी के चयन के लिए सूचना प्रकाशन की तिथि से 02.02.2023 के अपराह्न 2:00 बजे तक जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यालय गुमला में मुहरबंद अल्पकालीन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है तथा दिनांक 02.02.2023 को ही अपराह्न 04:00 बजे उप विकास आयुक्त, गुमला के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदाएँ खोली जायेंगी। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं निविदा का नमूना जिले के आधिकारिक वेबसाईट https://gumla.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है।

अतः इच्छुक वाहन मालिक निर्धारित समय सीमा के अंदर निविदा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं।

जिला शिक्षा अधीक्षक,
गुमला।

PR 288304 (Jharkhand Education Project Council) 22-23 (D)

## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू
### (जिला भू–अर्जन शाखा)

दूरभाष (मो0) सं0–8987263405, Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**
**(3G Award के तहत् घोषित)**

**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 **(Section-III)**
( कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI-75) (कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का 4 लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तद्नुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा/आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा–आरही, थाना–विश्रामपुर, थाना नं0–66
पत्रांक 59 (C)/भू0अ0, दिनांक 20.01.2023

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | अर्जनाधीन रकबा एकड़ में | किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | आरही | 8 | 356/1 | 0.0255 | टांड़ 2 पक्का मकान | 0.0255 | 3 | चितरंजन सिंह वगै0 | योगेन्द्र गुप्ता का कर्कटनुमा दुकान |
| 2 | | 1 | 358 | 0.0999 | टांड़ 2 | 0.0999 | 2 | जीतब्रधन मांझी वो सुकन दुसाध | |
| 3 | | 2 | 361 | 0.0817 | टांड़ 2 | 0.0817 | 1 | मुखलाल चौधरी पिता जानकी चौधरी | माँग कायम नहीं है। |
| 4 | | 8 | 356/2 | 0.0235 | टांड़ 2 पक्का मकान | 0.0235 | 4 | मुनी महतो | पक्का मकान |
| 5 | | 8 | 356/4 | 0.0275 | टांड़ 2 | 0.0275 | 6 | महेन्द्र मिस्त्री | |
| 6 | | 8 | 356/3 | 0.0100 | टांड़ 2 करकट | 0.0100 | 5 | बीरबल मिस्त्री | करकट |
| 7 | | 3 | 353 | 0.0564 | टांड़ 2 | 0.0564 | 7 | सीताराम चौधरी पिता मुनी चौधरी | |
| | | 5 | 354 | 0.0875 | टांड़ 2 | 0.0875 | | तदैव | 0.01 ए0 दुर्गा मंदीर |
| | | | कुल :– | 0.4120 | | 0.4120 | | | |

कानुनगो, जिला भू–अर्जन कार्या0, पलामू — जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। — अपर समाहर्त्ता, पलामू। — उपायुक्त, पलामू।

**PR 288373 Palamu(22-23)#D**

## कार्यालय :–असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कोडरमा
**Sadar Hospital Campus, Koderma (Jharkhand) 825410**
E-mail:- cs.koderma4@gmail.com

### निलामी सूचना संख्या – 03/2022–23

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य विभाग कोडरमा अंतर्गत अंतिम रुप से "जो जहाँ जिस स्थिति में है" के आधार पर निम्नलिखित निश्प्रयोजित वाहनों की नीलामी खुली डाक द्वारा दिनांक 15.02.2023 को अपराहन 01:00 बजे सिविल सर्जन कार्यालय कोडरमा में निविदा समिति की उपस्थिति में की जाएगी :–

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | पंजीकरण संख्या | संस्थान का नाम | न्युनतम रद्दीकृत मूल्य Scrap Value |
|---|---|---|---|---|
| 1 | टाटा सुमो | JH12D 2674 | सदर अस्पताल कोडरमा | 74200 |
| 2 | टाटा सुमो | JH12D 2675 | | 72600 |
| 3 | Sumo Victa-cx | JH01P-8029 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मरकच्चो | 57640 |
| 4 | Tata SumoAmbulance | - | | 48840 |
| 5 | Tata Sumo Ambulance | JH01K 3104 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सतगाँवा | 57640 |
| 6 | Tata Ambulance | JH01K2751 | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जयनगर | 60500 |
| 7 | Sumo Victa CX | JH01P8033 | सिविल सर्जन कार्यालय, कोडरमा | 65500 |

अन्य सूचनाएँ एवं शर्ते निम्नलिखित है :–

1. डाक वक्ता को जमानत की राशि के रुप में 10,000.00 (दस हजार) रु0 मात्र का बैंक ड्राप्ट Cs Cum Chief Medical Officer Koderma के पदनाम से दिनांक 14.02.2023 के अपराह्न 5 बजे तक जमा करना होगा तभी डाकवक्ता डाक में भाग लें पायेगें।
2. असफल डाकवक्ता को जमानत की राशि वापस राशि कर दी जाएगी एवं सफल डाक वक्ता के जमानत की राशि में उनके डाक राशि में समायोजित कर ली जाएगी।
3. सफल डाकवक्ता को डाक की राशि का 50 प्रतिशत अविलंब सिविल सर्जन कोडरमा के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। शेश राशि एक सप्ताह के अंदर सिविल सर्जन के कार्यालय कोडरमा में जमा कर वाहन को हटाकर ले जाना होगा। इसके लिए कोई अतिरिक्त राशि कार्यालय से उपलब्ध नहीं कराई जाएगी।
4. निर्धारित न्यूनतम मूल्य से कम राशि पर निलामी नहीं की जाएगी।
5. वाहन का निरीक्षण कार्यालय अवधि में किया जा सकता है।
6. डाकवक्ता को आचरण से संबंधित प्रमाण पत्र (पुलिस अधीक्षक स्तर) आधार कार्ड एवं पैन कार्ड जमा करना होगा।
7. नीलामी रद करने एवं किसी भी डाक बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के अधीन सुरक्षित रहेगा।

NOTE:– नीलामी के संबंध में जानकारी सिविल सर्जन कार्यालय अथवा koderma.nic.in पर प्राप्त किया जा सकता है।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कोडरमा।

PR 288356 Health Med Edu and Family Welfare(22-23)D

## प्रपत्र VI 'क'
## समाहर्त्ता या समुचित सरकार
## उपायुक्त का कार्यालय, चतरा, (भू–अर्जन शाखा)

### प्रारंभिक अधिसूचना
### (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

ज्ञापांकः– 64/भू0अ0 — दिनांकः– 24.01.2023

चूंकि समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम– **कटाही मिश्रौल**, थाना नं0– **43** थाना– **टण्डवा**, अंचल– **टण्डवा**, जिला– **चतरा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **सिसई मोड़ से शिवपुर रेलवे स्टेशन रोड** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–**कटाही मिश्रौल**, थाना–**टण्डवा**, थाना नं0–**43**, अंचल–**टण्डवा**, जिला–**चतरा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.23** एकड़ यानि **0.0930** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 |
| 1 | 33 | 02 | रैयती | कृषि | 0.23 | जीवन मोदी पिता– स्व0 महली मोदी एवं अन्य। | सीमाना सिसई | नीज | नीज | जितेन्द्र उराँव |
| | | | | कुल रकवा | 0.23 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकरी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस की कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, चतरा और उनके कर्मचारी कानूनगो/ अमीन/ संबंधित को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की अपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, चतरा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

**PR 288354 Land Reforms(22-23)#D** — उपायुक्त, चतरा

## RANCHI UNIVERSITY RANCHI

### SHORT LIMITED TENDER NOTICE

Sealed tenders are invited from authorized firms/suppliers for Supply of Sports items for Ranchi University on Annual Rate Contract Basis.

The tender document can be purchased from the office of CCDC, Ranchi University, Ranchi on any working days from **25.01.2023** to **06.02.2023** between 10.30 am to 4.00 p.m. on payment of Rs.1000.00 (Rupees One Thousand Only) by non refundable demand draft in the favour of **"Registrar, Ranchi University"**, payable at **Ranchi.**

The tenders can be submitted until 2.00 p.m. on 07.02.2023 in the office of CCDC, Ranchi University and will be opened on the same date at 3.30 p.m.

**By order of the Vice Chancellor**
**Sd/- Registrar**
**Ranchi University, Ranchi**

**Memo No.** : PL/285-92/23
**Dated :** 24.01.2023

झारखंडवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय
### खूँटी, झारखंड

### झारखंड सरकार के द्वारा वामपंथी उग्रवादियों एवं पुनर्वास हेतु नयी नीति/योजना की स्वीकृत मुख्य सूचनाएं :-

1. आत्मसमर्पित नक्सलियों को भुगतेय पुनर्वास अनुदान निम्नरूपेण तालिका के अनुसार किया जायेगा.

| क्र.सं. | श्रेणी | पुनर्वास अनुदान राशि |
|---|---|---|
| 01 | ए श्रेणी- जोनल कमांडर एवं उसके ऊपर स्तर के नक्सली | रु.-6,00,000/- (छः लाख) |
| 02 | बी श्रेणी- जोनल कमांडर एवं उसके नीचे स्तर के नक्सली | रु.-3,00,000/- (तीन लाख) |

2. कार्यशील एवं नियमित आग्नेयास्त्र (Regular) गोला-बारुद के समर्पण के बदले अतिरिक्त भुगतान निम्नरूपेण तालिका के अनुसार किया जायेगा:-

| क्र.सं. | श्रेणी | पुनर्वास अनुदान राशि |
|---|---|---|
| 01 | रॉकेट लांचर / एल.एम.जी. | 1,00,000/- |
| 02 | ए.के.47 / 56 / 74 रायफल/स्माईपर रायफल/ ईसास/ एस.एल.आर. | 75,000/- |
| 03 | 303 रायफल / पिस्टल / रिवाल्वर / कार्बाइन | 25,000/- |
| 04 | 315 रायफल और अन्य रायफल | 15,000/- |
| 05 | रिमोट कंट्रोल डिवाईसेस | 6,000/- |
| 06 | ग्रेनेड / हैण्ड / ग्रेनेड | 2,000/- |
| 07 | वायरलेस सेट | 2,000/- से 10,000/- (रेंज के आधार पर) |
| 08 | आई.ई.डी. | 6,000/- |
| 09 | विस्फोटक सामग्री द्रुपति कि.ग्रा. | 2,000/- |

3. प्रत्यार्पण करने वाले उग्रवादी की योग्यता एवं अभिरूचि के अनुसार पुनर्वास समिति द्वारा कौशल विकास विभाग, झारखंड द्वारा जिलों में संचालित कौशल विकास केंद्रों में उपलब्ध विभिन्न संकायो में व्यवसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी.
अथवा
पुनर्वास समिति द्वारा रु.- 6,000/- (छः हजार) प्रतिमाह की वृति पर एक वर्ष तक के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी. विशेष परिस्थिति में व्यवसायिक प्रशिक्षण की अवधि एक अतिरिक्त वर्ष तक के लिए विस्तारित की जा सकेगी.
4. गृह निर्माण हेतु अधिकतम चार डिसमील जमीन आवंटित की जाएगी एवं रु.- 50,000/- (पचास हजार) गृह निर्माण के लिए दी जायेगी.
5. यदि प्रत्यार्पण करने वाले उग्रवादी के सिर पर उसके मारे जाने या गिरफ्तार होने पर कोई सरकारी ईनाम घोषित हो तो समर्पण के उपरांत घोषित ईनाम की राशि भुगतान की जायेगी.

पुलिस अधीक्षक, खूँटी - 9431706116 — अनु.पु.पदा., खूँटी- 9431706145
अपर पुलिस अधीक्षक (अभि.), खूँटी-9431706454 — अनु.पु.पदा., तोरपा- 7260072500

ज्ञापांक : 56/ले.शा., दिनांक : 24.01.2023 — निवेदक :- **खूँटी पुलिस**

## Jharkhand Industrial Area Development Authority (JIADA)
### (A Govt. of Jharkhand Undertaking)

**Regd. Off:** 3rd floor, JIADA building, Namkum Industrial Estate, Namkum, Ranchi, Jharkhand – 834010
E-mail-mdjiada@gmail.com, web-jiada.co.in

### INVITATION FOR PROPOSAL

NIT No.JIADA/10/2022-23
Letter No.- 51 — Dated- 25.01.2023

JIADA Invites Proposal for appointment of a Chartered Accountant Firm having office in Jharkhand for Internal Audit of JIADA and its four Regional Offices for financial years 2016-17 to 2021-22. The Chartered Accountant firm under reference should be a partnership firm empanelled with the Comptroller and Auditor General of India (C&AG).
For details visit website www.jiada.co.in
Last date of submission of RFP with complete enclosure is 20.02.2023
The Managing Director, JIADA reserves the right to accept or reject or cancel any or all bids without assigning any reason whatsoever.

**By order of MD, JIADA**
**Sd/-**
**Secretary JIADA**

PR 288369 (RIADA) 22-23 (D)

**Contact Details:JHARKHAND INDUSTRIAL AREA DEVELOPMENT AUTHORITY, RANCHI**
3rd floor, JIADA building, Namkum Industrial Estate, Namkum, Ranchi, Jharkhand – 834010
Phone No.-9835946572, 9386292980 email: mdjiada@gmail.com

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
## जिला नियोजनालय, लोहरदगा

### भर्त्ती कैम्प संबंधी सूचना

दिनांक 28.01.2023 को "कार्यालय" जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई हैः–

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Pay Scale/Stipend |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 1 | Construction Skills Training Institute of **Larsen & Toubro Limited.** | Formwork | 200 | ITI/( Carpenter /Fitter/Draftsman Civil) | 18-25 | On completion of training, we facilitate placement in our L & T job sites with the salary of 15000/= Free food and accommodation are provided during training period. Course completion certificate will be issued to the candidates at the end of the training. We facilitate basic computer course for bar bending, Formwork, Masonry to the candidates during the training period. |
| | | Masonry | 200 | ITI/( Building constructor/Draftsman Civil) | 18-25 | |
| | | Bar Bending & Steel | 200 | ITI/( Fitter/Draftsman Civil) | 18-25 | |
| | | Construction Electrician | 100 | 10th Pass and ITI (Electrician/Wireman) | 18-25 | |
| | | Welding | 100 | ITI (Welder) | 18-25 | |
| | | Plumbing & Sanitary | 100 | ITI (Plumber) | 18-25 | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से होगी। **कोविड 19** को देखते हुए सामाजिक दूरी एवं मास्क का इस्तेमाल अनिवार्य होगा। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

**District Employment Officer,**
**Lohardaga.**

**PR 288328 Lohardaga(22-23)#D**

## 74वां गणतंत्र दिवसः 26 जनवरी, 2023

भारत सरकार
## केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान
कांके, राँची,–834006, झारखण्ड, भारत
दूरभाषः 0651–2450822, 2451115, 2450448, फैक्सः 0651–2450823, 2450408

सत्यमेव जयते

RANCHI

### 24 घंटे आकस्मिक सेवा उपलब्ध

**सी.आई.पी. में उपलब्ध सेवाओं/सुविधाओं का विवरण**
**निदेशक, सी.आई.पी. द्वारा जनहित में जारी**

**बाह्यरोगी सुविधाएं/सेवाएं**
- प्रतिदिन निःशुल्क बाह्यरोगी सेवाएं
- निरीक्षण/आकस्मिक सेवा वार्ड
- अलग व्यस्क एवं बाल बाह्य रोग विभाग
- साइकोसोशल विभाग
- कैन्टीन एवं जनउपयोगी सेवाएं
- ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन (ओ.आर.एस.)
- टेली परामर्श व्हाट्सअप नंः 9334915057, कृपया व्हाट्सअप पर डॉक्टर के पर्चे की फोटो भेजें (कृपया वेबसाइट पर अधिक विवरण देखें)
  **हेल्पलाइन नं.:** 9334915046, 9334915047, 9334915048, 9334915049, 9334915050, 9334915051, 9334915052, 9334915053, 9334915054, 9334915056, 9334915058, 9334915060, 9334915062, 9334915063
  दूरभाष सख्याः 0651-2451115, 0651-2451116, 0651-2451119
- विडियो परामर्शः अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट देखें।
- **टेली–मानस सेवाः** निःशुल्क 24x7 मानसिक स्वास्थ्य परामर्श/ काउंसलिंग। टोल फ्री नम्बरः 14416 या 1800–89–14416
- साइको सोशल परामर्श सेवाः मरीजों एवं उनकी देखरेख करने वालों के लिए।

**विशेष क्लीनिक**
- **सोमवार** : मूड एवं न्यूरोलॉजी
- **मंगलवार** : निद्रा रोग
- **बुधवार** : क्रोनिक सिजोफ्रेनिया, सेक्स, चर्मरोग, धूम्रपान निरोधक, नशाविमुक्ति, मेटाबॉलिक रोग
- **गुरूवार** : मिर्गी एवं मूवमेंट डिसऑर्डर
- **शुक्रवार** : वृद्धावस्था संबंधित रोग
- **शनिवार** : सिरदर्द रोग, धूम्रपान निरोधक, नशाविमुक्ति, मेटाबॉलिक रोग
- **प्रतिदिन** : बाल मनोचिकित्सा, ओ.सी.डी. एवं व्यक्तित्व विकास

**अंतर्वासीय रोगीयों के लिए सुविधाएं**
- सभी बेड शुल्क के साथ
- उच्च वर्ग के लिए विशेष वार्ड
- महिलाओं के लिए अलग वार्ड
- परिवार के लिए कॉटेज की सुविधा

**बाल एवं किशोरावस्था संबंधित मानसिक रोग**
- मरीज परिजनों के साथ भरती किए जाते हैं।

**नशाविमुक्ति केन्द्र व विभाग**
- डीटोक्सीफिकेशन एवं पुर्नवास
- शराब व नशाविमक्ति के लिए उच्चतकनीकी इकाई

**व्यावसायिक चिकित्सा विभाग**
- पुर्नवास/शेल्टर्ड कार्यशाला
- पुनर्निवेशन मनश्चिकित्सा
- शारीरिक पुर्नवास
- टोकन इकोनोमी

**सामुदायिक पहुँच कार्यक्रम**
- वेस्ट बोकारो (घाटो)
- हजारीबाग
- चन्दनक्यारी, बोकारो
- दीपशिखा, आईसी.डी. एवं एम.एच.
- विद्यालय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

**सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम**
- राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक अखबारों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी विवरण
- कार्यशालाओं का आयोजन
- सी.आई.पी. वेबसाइट पर मानसिक बिमारियों संबंधित लेख

**स्नातकोत्तर शिक्षण**
- एम.डी. (मनोचिकित्सा) एवं डी.पी.एम.
- पी.एच.डी. एवं एम.फिल. (नैदानिक मनोविज्ञान)
- एम.फिल. (साईक्याट्रिक सोशल वर्क)
- साईक्याट्रिक नर्सिंग में डिप्लोमा

**पैथोलॉजी एवं बॉयोकेमिस्ट्री विभाग**
- हीमेटोलॉजी व बायोकेमिस्ट्री ऑटो एनालाइजर
- एच.पी.एल.सी. एवं थिन लेअर क्रोमैटोग्राफी
- मल्टीफन्कशनल एलिजा रीडर एवं आइन–स्पेस्फिक ऐसे सिस्टम
- बेक्टेक यूनिक
- केमी ल्यूमिसेंस ऐसे
- –80 डिग्री फ्रीजर

